Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to stop the process of disinvestment of Indian Medicines Pharamaceuticals Corporation Limited (MPCL).

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय अध्यक्ष जी मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है । मैं आपके सामने उत्तराखंड राज्य की डिस्ट्रिक्ट नैनीताल और डिस्ट्रिक्ट अल्मोड़ा के बीच में मिलानी क्षेत्रों पर स्थित मोहान नामक स्थान पर 41 साल पूर्व इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्यूटिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) का जो निर्माण किया गया था, उसके बारे में कहना चाहता हूं कि इसकी विनिवेश की प्रक्रिया गतिमान है । यह जानकारी में आया है कि इस समय वहां 500 कर्मचारी काम करते हैं । इसका उद्देश्य था कि हिमालयी राज्यों की जड़ी-बूटियों का दोहन करके गोबर, मूत्र और वहां की जड़ी-बूटी से, वहां के गरीब, बरोजगार और कमजोर वर्ग के जो लोग हैं, यहां पर दवा बनाते थे । इस समय यह फैक्ट्री निर्माण के समय वर्ष 1978 से आज तक लगातार प्रोफिट में चल रही है । अत: मेरा आपसे निवेदन है कि वहां सरकार की विनिवेश की जो प्रक्रिया चल रही है, उस प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से जनहित में रोका जाना चाहिए । क्योंकि बेरोजगारी और पलायन उत्तराखंड की मुख्य समस्या है । इसीलिए नए राज्य का निर्माण हुआ था । अगर विनिवेश होगा तो लगभग 5000 आदमी और जिसमें 500 कर्मचारी हैं, वे एकदम से बेरोजगार हो जाएंगे । इसलिए यह अति लोक महत्व का विषय है, जिस पर आपका निर्देश आना बहुत आवश्यक है ।